# हम कुछ करके दिखलाएँगे

## कक्षा - आठवीं

**विषय – हिंदी (LOWER HINDI)**
**पाठ : १**
**पाठ का नाम : हम कुछ करके दिखलाएँगे**
**PPT-2**



Website: www.odmegroup.org
Email: info@odmps.org
Toll Free: 1800 120 2316
Sishu Vihar, Infocity Road, Patia, Bhubaneswar- 751024

# पाठ १
# हम कुछ करके दिखलाएँगे

है शौक यही , अरमान यही ,
हम कुछ करके दिखलाएँगे ।
मरने वाली दुनिया में हम ,
अमरों में नाम लिखाएँगे ।




शब्दार्थ -
शौक = रुचि
अरमान = इच्छा
अमर = जो कभी नहीं मरता

ODM EDUCATIONAL GROUP

**भावार्थ** -बच्चों की रुचि और इच्छा कुछ अच्छा तथा महान कार्य करने की होनी चाहिए। बच्चों को अमर लोगों की सूची में नाम लिखवाने के लिए अनेक महान कार्य करने होंगे।

**प्रश्न -** १. बच्चे की रुचि क्या होनी चाहिए ?
२. महान कार्य का क्या अर्थ है?
३. महान कार्य करने से क्या होगा ?

४. **विलोम शब्द लिखिए -**

रुचि x --------------
अच्छा x ---------------
महान x ----------------
अमर x ----------------
कार्य x ---------------

जो लोग गरीब भिखारी हैं ,
जिन पर किसी की छाया है ,
हम उनको गले लगाएँगे ,
हम उनको सुखी बनाएँगे ।



**शब्दार्थ -**

छाया = परछाई
गले लगाना = दोस्ती करना



**भावार्थ -** जो लोग गरीब भिखारी हैं, जिनकी कोई भी सहायता नहीं करता , हम बच्चों को उनसे दोस्ती कर उनके जीवन को सुखी बनाना होगा ।

**प्रश्न -**

१. कवि के अनुसार गरीब कौन है?

२. हम बच्चों को कैसे लोगों से दोस्ती करना होगी ?

३. गरीब और भिखारी लोगों के जीवन को सुखी बनाने का अर्थ क्या है?

४. **वाक्य बनाइए -**

सहायता -

जीवन -

जो लोग अंधेरे घर में हैं ,
अपनी ही नहीं नज़र में हैं ,
हम उनके कोने - कोने में ,
उद्यम का दीप जलाएँगे ।




**शब्दार्थ -**
नजर = दृष्टि
उद्यम = परिश्रम



**भावार्थ -**कविता में बालक परिश्रम रूपी दीपक जलाने की बात कर रहे हैं क्योंकि परिश्रम से ही व्यक्ति के जीवन में परिवर्तन आता है । स्थिति को सुधरते देख उनका उत्साह बढ़ जाता है और जीवन में निराशा का स्थान आशा में परिवर्तित हो जाता है।



**प्रश्न -**

१. कवि के अनुसार अँधेरे घर में रहने का क्या अर्थ है?

२. अँधेरे घर में रहने वाले लोगों के लिए हम कौन सा कार्य कर सकते हैं?

३. **समान तुक वाले शब्द लिखिए** -

घर - -----------
कोने - -----------
हम - -----------
उद्यम - -----------

# THANKING YOU

# ODM EDUCATIONAL GROUP